राम चमकते भानु समाना

संघ का उद्देश्य एवं लक्ष्य
Sangh Vision - Mission

उद्देश्य :

- सम्यक् ज्ञान–दर्शन–चारित्र की अभिवृद्धि तथा सर्वांगीण समाजोत्थान।
- श्रावक–श्राविका, साधु–साध्वी की उच्च गुणवत्ता एवं संख्या में विस्तार।

संघ लक्ष्य (Mission) :

- चतुर्विध संघ में ज्ञान, दर्शन, चारित्र एवं तप की आराधना।
- धार्मिक पाठशाला, शिविर, धार्मिक परीक्षाओं, छात्रवृत्ति इत्यादि के माध्यम से मूल्य आधारित शिक्षा व संस्कारयुक्त आचरण को प्रोत्साहन।
- धार्मिक शिक्षण हेतु श्रद्धानिष्ठ, समर्पित व चरित्रवान शिक्षक तैयार करना।
- स्वाध्यायियों की गुणवत्ता को बढ़ाना। शिविर एवं पत्राचार शिक्षा के माध्यम से संस्कार निर्माण।
- विहार सेवा दल का प्रशिक्षण तथा सशक्तिकरण।
- श्रमणोपासक के माध्यम से ज्ञानवृद्धि, नैतिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक विकास, धर्म–ध्यान के साथ जिनवाणी एवं गुरुवाणी को घर–घर तक पहुंचाना।
- जरूरतमंद सर्वधर्मी भाई–बहनों को आर्थिक सहयोग प्रदान करना।
- चतुर्विध संघ के सुसंगठन में सहयोग।
- संघ समृद्धि योजनाओं को बढ़ावा।
- सामाजिक कुरीतियों, कुव्यसन, आडम्बर आदि के उन्मूलन हेतु एक उत्क्रांति–धर्मदेशना घर–घर तक पहुंचाकर उत्क्रांति परिवार के रूप में संकल्पित करवाना।
- जीवदया के सेवा कार्यों को बढ़ावा।
- सकल मानव समाज के उत्थान, पूरे राष्ट्र में नैतिकता एवं सदाचार के प्रचार–प्रसार के लिए आचार्य प्रवर द्वारा उद्घोषित 'गुणशील' आयाम की प्रभावना।
- भारतीय परम्परा में मंगलाचरण की महत्ता व सार्थकता को समझते हुए जीवन में नैतिकता, प्रामाणिकता, सहिष्णुता, समता के विकास हेतु 'समता सर्व मंगल' की सामूहिक आराधना।